प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार थमा, मतदान कल।
- नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में पचिश्मी सिंहभूम में पुलिस को मिली सफलता, आईईडी बम बरामद, पुलिस ने किया नष्ट।
- रांची में फैला बर्ड फ्लू, इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च आईसीएआर ने की पुष्टि, मुर्गियों की खरीद बिक्री पर लगी रोक।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले पांच दिनों तक तेज़ गर्मी को लेकर जारी किया पूर्वानुमान, 28 अप्रैल को राजधानी में चल सकती है गर्म हवाएं।

****************

झारखंड में पहले चरण की चार सीटों पर उम्मीदवार आज तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। राज्य में पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। झारखंड में पहले चरण के लिए 18 अप्रैल से नामांकन पत्र भरन की प्रकिया शुरू की गई थी। पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, पालामू और लोहरदगा में नामांकन पत्र भरे जा रहे हैं।

****************

झारखंड में 13 मई को होने वाले पहले चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए अब तक कुल 40 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मीडिया को बताया कि सिंहभूम में छह, खूंटी के लिए पांच, लोहरदगा के लिए तीन और पलामू लोकसभा सीट के लिए चार प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि कुल 19 प्रत्याशियों ने अपनी नामजदगी का पर्चा दाखिल किया है। पलामू संसदीय सीट से कल इंडी गठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां ने भी नामांकन का पर्चा भरा। इस मौके पर राज्य के श्रम मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता सत्यानंद भोक्ता, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव समेत गठबंधन के कई अन्य नेता मौजूद थे।

उधर, लोहरदगा संसदीय सीट से एनडीए की ओर से भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव ने भी कल अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत पार्टी के कई नेता शामिल हुए।

****************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान कल शाम समाप्त हो गया। 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसमें बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष भाग भी शामिल है। बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र से चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर मतदान होगा। असम और बिहार की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तीन–तीन तथा मणिपुर की एक सीट पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुल एक हजार एक सौ 98 उम्मीदवार मैदान में हैं। त्रिपुरा और जम्मू–कश्मीर में भी इसी चरण में मतदान होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल आरक्षित संसदीय सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के निधन के कारण दूसरे चरण का मतदान स्थगित कर दिया गया है अब यहां तीसरे चरण में मतदान होगा।

****************

दुमका के जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने बताया कि दुमका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान सातवें और अंतिम चरण में एक जून को होगा। नामांकन की अधिसूचना सात मई को जारी की जायेगी और उसी दिन से मतदान की प्रक्रिया शुरू होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि नामांकन–पत्र दाखिल करने का कार्य दुमका उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में संपन्न होगा। इस बाबत सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए बैरिकेडिंग एवं अन्य व्यवस्था की जा रही है। उम्मीदवार दुमका समाहरणालय भवन के ब्लॉक के मेन गेट से प्रवेश करेंगे। उम्मीदवार के साथ केवल चार अन्य व्यक्ति को ही निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष तक जाने की अनुमति होगी।

****************

खूंटी जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के जिम्की इकिर गांव के आसपास घने जंगलों में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए आईईडी विस्फोटकों को बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने पांच पांच किलोग्राम वज़न के तीन आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सुरक्षा के दृ ष्टिकोण से इन सभी आईईडी विस्फोटकों को जंगल में ही विनष्ट कर दिया गया। एसपी श्री शेखर ने बताया कि पिछले कई महीनों से नक्सलियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सफलताएं भी मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है।

****************

रांची का मारासिली पहाड़ पर्यटकों के साथ धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों के बीच शुरू से आकर्षण का केंद्र रहा है। मारासिली हिल पर स्थित मंदिर भगवान भोलेनाथ को समर्पित है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

रांची में बर्ड फ्लू फैलने का मामला सामने आया है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च आईसीएआर ने इसकी पुष्टि की है। होटवार स्थित कुक्कुट प्रक्षेत्र की मुर्गियों से सैंपल लेकर भोपाल भेजा गया था। बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद होटवार क्षेत्र में मुर्गियों की खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गई है। साथ ही मुर्गियों को एक जगह से दूसरी जगह लाने और ले जाने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। रांची में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने इसकी रोकथाम के लिए उपायुक्त के निर्देश पर तीन रैपिड रिस्पोंस टीम का गठन किया है।

****************

गोड्डा के सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा ने बताया कि आज पूरे गोड्डा में मलेरिया दिवस मनाया जाएगा और जिले वासियों को सचेत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मलेरिया महामारी से बचने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा उपाय है। श्री झा ने मलेरिया बीमारी से बचने के लिए खिड़की में जाली तथा मच्छरदानी के उपयोग पर बल दिया। गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड में मलेरिया की प्रकोप से पिछले वर्ष कई जनजातीय समुदाय के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से गोड्डा स्वास्थ्य प्रशासन मलेरिया को लेकर और ज्यादा सजग है। गोड्डा सिविल सर्जन ने कहा कि सुंदर पहाड़ी एवं बिहारी जोर प्रखंड के आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया के केस ज्यादा मिलते हैं और वहां मलेरिया तेजी से फैल जाता है।

****************

राज्य के लोगों को अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। अगले पांच दिनों तक मौसम में बदलाव का अनुमान नहीं है। इसे लेकर मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। 28 अप्रैल को राजधानी में गर्म हवाएं चल सकती है। इसे लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। मौसम विभाग ने संताल परगना, कोल्हान और धनबाद—बोकारो वाले इलाके में विशेष गर्मी पड़ने की चेतावनी दी है। इधर लगातार तापमान बढ़ रहा है। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से ऊपर चल रहा है। इस कारण गर्मी का एहसास ज्यादा हो रहा है।

****************

आईपीएल क्रिकेट में डेल्ही केपिटल्स ने कल एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को चार रन से हरा दिया। आज शाम साढ़े सात बजे सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर के साथ हैदराबाद में होगा।

****************

<u>अखबारों की सुर्खियों से</u>—

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने झारखंड में नामांकन और चुनावी सभा से जुड़ी खबरों को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने पलामू लोकसभा सीट से वीडी राम और ममता भुइयां तथा लोहरदगा से समीर उरांव और चमरा लिंडा के पर्चा भरने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने चुनाव प्रचार से संबंधित खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने विरासत कर को लेकर उठे बयान बाजी को अपनी पहली सुर्खी बनाई है। शीर्षक है—विरासत कर को लेकर देश में उठा नया सियासी बवंडर।

दैनिक जागरण ने रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि को पहले पन्ने पर जगह दी है।

रांची एक्सप्रेस ने—मतदाता जागरूकता से संबंधित खबर को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने विरासत कर से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************